Publication: CNBC Awaaz
Date: 17/04/2020

जून के बाद खुल सकते हैं सिनेमाघर, उसके बाद स्थिति होगी बेहतर : UFO MOVIEZ

सिनेमा इंडस्ट्री भी लॉकडाउन हटने के बाद की स्थितियों से निपटने और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने की योजना पर काम कर रही है

Kapil Agarwal
JMD - UFO Moviez

नो योर कंपनी में आज रडार पर UFO Moviez है। ये कंपनी सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के साथ डिजिटल सिनेमा सेवाएं उपलब्ध कराती है। ये इन-सिनेमा एजवरटाइजिंग प्लेटफॉर्म में भी ऑपरेट करती है। कोविड-19 को रोकने के लिए सभी सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्सेस को बंद कर दिया गया है तब से आमदनी बंद है। लॉकडाउन की अवधि अभी भी अनिश्चित है।

UFO MOVIEZ के शेयर का 52 हफ्तों का उच्च स्तर 323 रुपये रहा है जहां से ये शेयर इस समय 75 प्रतिशत की गिरावट पर कारोबार कर रहा है। ICRA ने 13 मार्च को कंपनी की रेटिंग को डाउनग्रेड किया है। इसका कारण कंपनी की विज्ञापन आय और डिविडेंड भुगतान में आई हुई गिरावट है।

कंपनी ने इसके पहले 27 फरवरी को 15 रुपये प्रति शेयर अंतरिम डिविडेंड देने की घोषणा की थी। इसके बाद से कंपनी की लिक्विडिटी कोष में कमी आई है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019 में 102 करोड़ रुपये डिविडेंड का भुगतान किया था और वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 40 करोड़ रुपये डिविडेंड के रूप में अदा किये हैं। कंपनी ने 25 मार्च को IIFL Wealth Finance 10.6 के पक्ष में लाख शेयर गिरवी रखे हैं।

Online Link https://hindi.moneycontrol.com/news/company-news/cinemas-may-open-after-end-of-june-situation-will-be-better-after-that-ufo-moviez_232163.html

सालाना आधार पर तीसरी तिमाही में कंपनी की आय 7 प्रतिशत बढ़ककर 153 करोड़ रुपये रही जबकि सालाना आधार पर तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़कर 23 करोड़ रुपये रहा है।

सालाना आधार वित्त वर्ष 2019 में कंपनी की आय 617 करोड़ रुपये रही जबकि वित्त वर्ष 2018 में कंपनी की आय 597 करोड़ रुपये रही थी।

सालाना आधार वित्त वर्ष 2019 में कंपनी का एबिटडा 168 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2018 में कंपनी का एबिटडा 173 करोड़ रुपये रहा था।

UFO Moviez के ज्वाइंट MD कपिल अग्रवाल ने सीएनबीसी-आवाज़ से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान स्थितियों को देखते हुए लगता है कि सरकार सिनेमा हॉल शुरू करने की जल्दी अनुमति नहीं देगी। जून महीने के अंत के बाद सिनेमा खुलेंगे। उसके बाद स्थितियां सुधरेंगी। हालांकि इसके बाद भी लोग बड़ी संख्या में भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर जाने से परहेज करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सिनेमा इंडस्ट्री भी लॉकडाउन हटने के बाद की स्थितियों से निपटने और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत एक ही समय में दो शो का इंटरवल नहीं करने और सिनेमा दर्शकों के बीच बैठने वाली सीटों के बीच गैप बनाये रखने के लिए बीच की सीटों को खाली रखना जैसे उपाय किये जायेंगे।

इस संकट के बाद भी मार्केट में बने रहने की बात पर उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों के पास अगले 6 से 7 महीनों के लिए पैसे होंगे वे ही आगे चलकर बाजार में टिक पायेंगी। मैनेजमेंट ने आगे के संकट को भांपते हुए तुरंत अपने खर्चों में कटौती की है। कंपनी ने अपने खर्च को 74 प्रतिशत कम करके 26 प्रतिशत कर लिया है।

लॉकडाउन के बावजूद भी कंपनी ने अभी तक एक भी कर्मचारी को काम से नहीं निकाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संकट में आमदनी बंद होने के बावजूद आगे भी किसी कर्मचारी को काम से निकालने की कंपनी की योजना नहीं है।

कंपनी के सीईओ ने 100 प्रतिशत सैलरी कट, टॉप मैनेजमेंट ने 50 से 60 प्रतिशत और निचले स्तर पर कर्मचारियो ने 10 से 20 प्रतिशत का स्वैच्छिक सैलरी कट लिया है। इतना ही नहीं कंपनी के पास डिविडेंड देने के बाद भी 9 से 10 महीने के लिए पर्याप्त पैसा है और कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत है।

Online Link https://hindi.moneycontrol.com/news/company-news/cinemas-may-open-after-end-of-june-situation-will-be-better-after-that-ufo-moviez_232163.html